पाठ - 24

दूर देश की बात

चर्चा करो और लिखो।

Q1. तुम भी अपने शहर की तुलना अबू धाबी से करते हुए एक छोटी-सी रिपोर्ट तैयार करो। उसमें तस्वीरें या चित्र बनाकर भी लगा सकते हो। अपनी रिपोर्ट में इन बातों के बारे में लिखना मत भूलना

- **जलवायु और मौसम**
- **लोगों का पहनावा**
- **सड़कों पर वाहन**
- **खान-पान**
- **पेड़-पौधे**
- **इमारतें**
- **भाषा**

उत्तर : अबु धाबी तथा केरल की तुलनात्मक रिपोर्ट-

तुलनात्मक बिन्दु	अबु धाबी	केरल
जलवायु एवं मौसम	शुष्क एवं अत्यधिक गर्म	गर्म एवं नमीयुक्त
लोगों का पहनावा		
पेड़-पौधे	खजूर	नारियल एवं अन्य
इमारतें		
सड़कों पर वाहन		
खान-पान	खजूर, पराठें, मीट, बिरयानी, चिकन, कबाब	इडली, डोसे, उत्तपम, मछली
भाषा	अरबी	मलयालम

Q2. रेगिस्तानी इलाके में पेड़-पौधे कम क्यों होते हैं?

उत्तर : रेगिस्तानी इलाके में रेतीले जमीन होते हैं तथा पानी की कमी होती है। वर्षा नहीं के बराबर होती है। इसलिए उस इलाके में कम पेड़-पौधे होते हैं।

Q3. क्या तुम्हारी जान-पहचान के कोई व्यक्ति किसी और देश में रहते हैं?

उत्तर : हाँ, मेरे चाचा विदेश में रहते हैं।

Q4. वे वहाँ कब से रहते हैं? वे वहाँ पढ़ाई करने गए थे या काम करने? क्या उनके वहाँ जाने का कोई अन्य कारण था?

उत्तर : वे वहाँ पिछले चार सालों से रहते हैं। शुरू में वे वहाँ पढ़ाई करने गये थे तथा बाद में काम करने लगे। नहीं।

इन नोटों को देखो

Q1. इन नोटों को देखो। हर नोट के सामने के बक्से में उसका मूल्य लिखो।

पाँच

दस

सौ

पाँच सौ

उत्तर :

पाँच

दस

सौ

पाँच सौ

Q2. ये कौन-से देश के नोट हैं?

उत्तर : ये भारत देश के नोट हैं।

Q3. तुम कैसे जानोगे?

उत्तर : नोटों पर भारतीय रिजर्व बैंक लिखा रहता है।

Q4. नोटों पर किसकी तस्वीर बनी है?

उत्तर : राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की तस्वीर नोटों पर बनी है।

Q5. क्या नोटों पर मूल्य के अलावा और भी नंबर लिखे हैं?

उत्तर : हाँ, नोटों पर मूल्य के अतिरिक्त नोट के सीरियल नम्बर भी लिखे हैं।

Q6. क्या दो नोटों पर एक ही नंबर छपा हो सकता है?

उत्तर : नहीं, दो नोटों पर एक ही नम्बर छपा नहीं हो सकता है।

Q7. एक दस रुपये के नोट को ध्यान से देखो। इस पर लिखी कितनी भाषाओं को तुम पहचान सकते हो?

उत्तर : इसमें मैं हिन्दी, अंग्रेजी तथा संस्कृत पहचान सकता हूँ।

Q8. किसी एक नोट पर लिखे बैंक का नाम लिखो।

उत्तर : भारतीय रिजर्व बैंक।

सिक्को का मिलान करो

Q1. इनमें से कितने सिक्के तुम पहचान सकते हो?

उत्तर : इनमें से सभी सिक्के मैं पहचान सकता हूँ।

Q2. सिक्कों पर मूल्य के अलावा और क्या-क्या लिखा है?

उत्तर : सिक्कों पर मूल्य के अलावा देश का नाम एवं बनने का वर्ष लिखा होता है।

Q3. इन नोटों को देखो। क्या ये सभी नोट भारत के हैं?

उत्तर : नहीं सभी नोट भारत के नहीं हैं।

Q5. जो नोट भारत के नहीं हैं, उन पर लाल गोले बनाओ। पता करो और लिखो कि बचे हुए नोट कहाँ के हैं?

उत्तर :

इंग्लैंड
भारत
अमेरिका
अमेरिका
ओमान
भारत
चीन
ओमान
चीन
चीन
चीन
भारत
इंग्लैंड